पत्रांक–14/ए०एफ०–45/2025..........

बिहार सरकार

उच्च शिक्षा विभाग।

प्रेषक,

सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
बी०आर०ए० बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक....../........./2026

विषयः– थरूहट महाविद्यालय, हरनाटांड, केरई, नोरंगीया, पश्चिम चम्पारण को स्नातक कला संकाय के अंतर्गत विभिन्न विषयों में शैक्षणिक सत्र 2026–30 के लिए चार वर्षीय स्नातक स्तरीय CBCS पाठ्यक्रम में अस्थायी नव संबंधन प्रदान किये जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक बी०आर०ए० बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–B/2402(A) दिनांक–27.09.2025 के संबध में निदेशानुसार कहना है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा 21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्गत परिनियम–1098 दिनांक–19.04.1986, पत्रांक–3196 दिनांक–14.12.2017 एवं पत्रांक–3074 दिनांक–25.10.2019 के आलोक में राज्य सरकार द्वारा थरूहट महाविद्यालय, हरनाटांड, केरई, नोरंगीया, पश्चिम चम्पारण को स्नातक कला संकाय अंतर्गत निम्न वर्णित 08 विषयों में शैक्षणिक सत्र 2026–30 के लिए चार वर्षीय स्नातक स्तरीय CBCS पाठ्यक्रम में अस्थायी नव संबंधन की सहमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि :–

1. यू०जी०सी० के अद्यतन मानक के अनुरूप अपेक्षित संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति/नियोजन सुनिश्चित करेंगे।
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में भविष्य में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के अनुसार होनेवाले वांछित आधारभूत संरचनाओं एवं मानवबल में किए जाने वाले परिमार्जन से महाविद्यालय का संबंधन आच्छादित होगा।
3. महाविद्यालय अपने परिसर में Aim to protect students for Natural Hazards (Earthquakes, floods) Human made risks, fire, transportation emergencies & environmental threats का समुचित व्यव्यस्था सुनिश्चित कराऐंगे।
4. साथ ही अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लेगें।

	संकाय	विषय	अभियुक्ति
01	कला संकाय	हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति तथा समाज शास्त्र (कुल 08 विषयों में)	सत्र 2026–30 के लिए अस्थायी नव संबंधन।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–

सरकार के उप सचिव।

S_AF_176

ज्ञापांक :–14/ए०एफ०–45/2025......–333 दिनांक..-12/03/2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के निजी सहायक/निदेशक, उच्च शिक्षा के निजी सहायक/उप निदेशक, उच्च शिक्षा एवं सचिव, थरूहट महाविद्यालय, हरनाटांड, केरई, नोरंगीया, पश्चिम चम्पारण को सूचनार्थ प्रेषित।

2.आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Ajit 11/3/26

सरकार के उप सचिव।

S_AF_ 177